# अध्याय - 3 | निजी, सार्वजनिक एवं भूमंडलीय उपक्रम

**QUIZ PART-01**

1. **विभागीय उपक्रम किसके एक विभाग के रूप में स्थापित किया जाता है?**
   A. पंचायत
   B. निजी संस्था
   C. किसी मंत्रालय
   D. सहकारी समिति (C)

*व्याख्या :* विभागीय उपक्रम सीधे किसी मंत्रालय के एक विभाग की तरह कार्य करता है।

2. **विभागीय उपक्रमों का प्रबंधन और नियंत्रण किसके द्वारा किया जाता है?**
   A. निजी उद्यम
   B. केवल राज्य सरकार
   C. केंद्रीय या राज्य सरकार द्वारा
   D. विदेशी निवेशकों द्वारा (C)

*व्याख्या :* इनका प्रबंधन केंद्र, राज्य या दोनों सरकारों द्वारा संयुक्त रूप से किया जा सकता है।

3. **नीचे में से कौन-सा विभागीय उपक्रम का उदाहरण है?**
   A. भारतीय वायुसेना
   B. भारतीय रेल
   C. मारुति सुज़ुकी
   D. अमूल (B)

*व्याख्या :* भारतीय रेल विभागीय उपक्रम का प्रमुख उदाहरण है।

4. **विभागीय उपक्रमों के लिए धन कहाँ से प्राप्त होता है?**
   A. निजी बैंकों से
   B. विदेशी निवेश से
   C. सरकारी खजाने से
   D. सहकारी निधि से (C)

*व्याख्या :* इन उपक्रमों का पूरा वित्त पोषण सरकारी खजाने से होता है।

5. **विभागीय उपक्रमों के कर्मचारी किस श्रेणी में आते हैं?**
   A. निजी कर्मचारी
   B. अस्थायी कर्मचारी
   C. सरकारी कर्मचारी
   D. संविदा कर्मचारी (C)

*व्याख्या :* विभागीय उपक्रमों में कार्यरत कर्मचारी सरकारी कर्मचारी कहलाते हैं।

6. **विभागीय उपक्रमों की एक प्रमुख विशेषता कौन-सी है?**
   A. अत्यधिक लचीलापन
   B. लेखांकन एवं अंकेक्षण नियंत्रण का अभाव
   C. पूर्ण सरकारी नियंत्रण
   D. पूँजी बाज़ार से धन जुटाना (C)

*व्याख्या :* विभागीय उपक्रम मंत्रालय के प्रत्यक्ष नियंत्रण एवं निरीक्षण में कार्य करते हैं।

7. **विभागीय उपक्रम का एक प्रमुख लाभ कौन-सा है?**
   A. निज़ी प्रशासन
   B. संसद द्वारा प्रभावी नियंत्रण
   C. ग्राहक केंद्रित लचीलापन
   D. प्रतिस्पर्धा आधारित प्रबंधन (B)

*व्याख्या :* संसद इन उपक्रमों पर सीधे नियंत्रण रखती है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होती है।

8. **विभागीय उपक्रम का एक प्रमुख नुकसान क्या है?**
   A. लाभ सरकार को जाता है
   B. राष्ट्रीय सुरक्षा में उपयोगी होते हैं
   C. अत्यधिक लाल-फीताशाही
   D. सरकारी नियंत्रण की कमी (C)

*व्याख्या :* इन उपक्रमों में निर्णय प्रक्रियाएँ धीमी होती हैं क्योंकि हर कदम पर सरकारी अनुमति आवश्यक होती है।

9. **विभागीय उपक्रम व्यावसायिक अवसरों का लाभ क्यों नहीं उठा पाते?**
   A. पूँजी अधिक होने के कारण
   B. कर्मचारी अधिक होने के कारण
   C. निर्णय लेने में स्वतंत्रता न होने के कारण
   D. सरकारी सहायता मिलने के कारण (C)

*व्याख्या :* विभागाध्यक्ष और कर्मचारी मंत्रालय की अनुमति के बिना निर्णय नहीं ले सकते, जिससे अवसर हाथ से निकल सकते हैं।

10. **विभागीय उपक्रम राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उपयुक्त क्यों माने जाते हैं?**
    A. निज़ी नियंत्रण होने से
    B. अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी होने से
    C. सरकारी नियंत्रण और निरीक्षण के कारण
    D. कम लागत में संचालन होने से (C)

*व्याख्या :* सरकारी निगरानी और नियंत्रण के कारण संवेदनशील क्षेत्रों में इन्हें सुरक्षित माना जाता है।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें
100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App